## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में जिले में 3 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज



**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 3 .4 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे में पुनासा तहसील में 4 मिली मीटर, खालवा तहसील में 8 मिमी,खंडवा तहसील में 2 मिली मीटर तथा हरसूद तहसील में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है जबकि पंधाना तहसील में पिछले 24 घंटे में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 1 जुलाई तक 148 .8 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 169 .8 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है।इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 205 मिली मीटर हरसूद तहसील में 162 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 124 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 164 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 194 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

### मोहर्रम पर्व को लेकर तैयारियां



**खंडवा।** हजरत इमाम हुसैन की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम समाज ने तैयारियां शुरू कर दी है। इमाम बाड़ों में कलाकारों द्वारा आकर्षक ताजियों का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही बाबा ग्रुप के खलील बाबा वारसी ने बताया की खंडवा शहर में मोहर्रम की 4 ओर 5 तारीख़ को अलम याने की सावारियों की स्थापना की गई जो मोहर्रम की उर्दू की 7 तारिख 3 जुलाई गुरुवार और मोहर्रम की 9 तारीख शनिवार 5 जुलाई की देर रात बाबाओ की सवारियों का अलग अलग स्थानों से का चल समारोह निकलेगा जो शहर के विभिन्न स्थानों से होकर वापस अपने अपने मुकाम पर पहुंचेगी और मोहर्रम की 10 तारिख को शाम 5 बजे के बाद सभी सवारियों का विसर्जन छोटी आबना नदी कर्बला पर किया जाएगा। इस दौरान कुछ सवारी अपने अपने मुकाम पर ही विसर्जन होगा।

### दादाजी धाम पर भव्य मंदिर निर्माण को लेकर आयोजित हुई विचार संगोष्ठी



**खंडवा।** मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई खंडवा के तत्वावधान में डॉक्टर जगदीश चंद्र चौरे की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष मंगला चौरे के मुख्य आतिथ्य में एवं कविता विश्वकर्मा तथा अनुराधा जी के विशिष्ट आतिथ्य में दादाजी धूनीवाले के मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि गोष्टी के प्रारंभ में मां सरस्वती की वंदना दीपक चाकरे के द्वारा प्रस्तुत कर कार्यक्रम का आगाज किया जाकर साहित्य जगत के सुनील चौरे उपमन्यु ने दादाजी मंदिर के शिलान्यास समारोह का श्रेय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,महापौर और अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे एवं प्रमुख रूप से कलेक्टर ऋषव गुप्ता को देते हुए उन्हें धन्यवाद देते हुए दादाजी के चमत्कार के संस्मरण सुनाए।इसी प्रकार कविता विश्वकर्मा ने बताया कि शहर में दादाजी के नाम से चिकित्सा एवं शिक्षा जगत में विकास करने की संभावनाएं प्रबल है। सुरेंद्र गीते,देवेंद्र जैन,मंगला चौरे, गोविंद शर्मा,अनुराधा जी,महेश मूलचंदानी,कविता विश्वकर्मा,डॉ .रश्मि दीक्षित, दीपक चाकरे,ओम चौरे,माधुरी श्रीवास्तव,हेमंत उपाध्याय सुनील जैन ने भी पूज्य दादाजी के चमत्कार के विषय में सदन को अवगत कराया।डॉ जगदीशचंद्र चौरे (92) ने अपने विचार में छोटे दादाजी से संबंधों के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रदेश की अन्य तीर्थ नगरी की भाति खंडवा को भी पवित्र नगरी एवं दादाजी लोक का दर्जा दिया जाता है, तो शहर का तेजी से विकास होना संभावित है।कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र जैन ने किया तथा दीपक चाकरे ने आभार माना।

# अवैध शराब की बिक्री,सड़क,पेयजल समस्या लेकर पहुंचे ग्रामीण कलेक्टर की जनसुनवाई में

### कलेक्टर गुप्ता ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी




नवभारत न्यूज

**खंडवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।**

ग्राम पंचायत धनोरा के ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच नंदकिशोर द्वारा पंचायत के कार्यों में भ्रष्टाचार करने संबंधी शिकायत की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच कर दोषी पूर्व सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत राजनी के ग्रामीणों ने पंचायत सचिव की शिकायत करते हुए कलेक्टर को बताया कि सचिव ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण पर ध्यान नहीं देता है और छोटी - छोटी समस्याओ के कारण ग्रामीणजन परेशान होते हैं। जिस पर कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सचिव के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ग्राम अजंटी के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर गांव की पेयजल समस्या और गांव में सड़क न होने की समस्या के संबंध में बताया, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए। पिपलोद थाने के ग्राम अमलानी निवासी ग्रामीणों ने गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की। जिस पर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को गांव में शराब की अवैध बिक्री को प्रभावी ढंग से रोकने के निर्देश दिए। ग्राम जामकोटा निवासी सुनील कर्मा ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि उसके परिवार के सभी पांच सदस्यों को 3 माह से राशन नहीं मिल रहा है, जिससे परिवार काफी परेशान है। इस पर उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदकों की पात्रता का परीक्षण कर पात्रता अनुसार खाद्यान्न वितरण करने निर्देश दिए।

इस दौरान अपर कलेक्टर के आर बडोले और अरविंद चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस आर सोलंकी एवं रमेश खतेड़िया सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




नवभारत न्यूज

**खंडवा ।** मंगलवार को विश्व डॉक्टर्स दिवस के अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा रक्तदान किया गया।

इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया, मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले, डॉ. सुनील बाजोलिया, डॉ. नितिन कपूर, डॉ. कृष्णा वास्केल, डॉ. संदीप, सहित अन्य चिकित्सकों एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. राजुल सोनी ,सेक्रेटरी डॉ. सिद्धार्थ श्रीमाली, डॉ. रक्षा श्रीमाली, डॉ. अमित सिंह, डॉ. रोहित चौरे, डॉ. सुमित महेश्वरी सहित अन्य डॉक्टर्स ने रक्तदान किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.एल. गुप्ता, डॉ. मुनीश मिश्रा, डॉ. राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में कुल 46 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। डॉ. अतुल माने द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरित किये।

## सांसद और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विधि प्रकोष्ठ ने खंडवा में शासकीय विधी महाविद्यालय की फैकल्टी खोले जाने हेतु मुख्यमंत्री को दिया मांग पत्र

नवभारत न्यूज

**खंडवा। निमाड़ के खरगोन और बड़वानी जिलों में पूर्व से शासकीय विधी महाविद्यालय स्थापित है जबकि खंडवा और बुरहानपुर में शासकीय महाविद्यालय ना होने से विधि के क्षेत्र में अध्ययन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को विधि की शिक्षा हेतु खंडवा से बाहर जाना होता है ऐसे में इंदौर भोपाल आदि बड़े शहरों में रहने खाने आदि के बड़े खर्चे को ग्रामीण क्षेत्र के और विशेष तौर पर गरीब परिस्थितियों के विद्यार्थी वहन नहीं कर पाते हैं जिसके चलते ऐसे विद्यार्थी में बीच में ही विधि की शिक्षा को छोड़ देते हैं।**

समाजसेवी व सुनील जैन ने बताया कि निजी महाविद्यालयो में उच्च स्तरीय सुविधा प्राप्त नहीं हो पाती है ऐसे में खंडवा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय हुकुमचंद महाविद्यालय अथवा श्री नीलकंठ महाविद्यालय में 3 और 5 वर्षीय विधि शिक्षा हेतु उक्त महाविद्यालय में फेकल्टी स्थापना को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव के द्वारा खंडवा के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के माध्यम से कल खंडवा पधारे प्रदेश के मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के दौरान मंच पर ही मांग पत्र सम्बन्धी फाइल सौंपी।

विधि प्रकोष्ठ द्वारा विधि शिक्षा हेतु नीलकंठेश्वर कॉलेज में लॉ फैकेल्टी की मांग को खंडवा की विधायक कंचन मुकेश तनवे, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर एवं महापौर अमृता अमर यादव ने भी समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम पत्र जारी किए हैं।

श्री यादव ने बताया कि खंडवा में नीलकंठ महाविद्यालय में तीन वर्ष और 5 वर्ष की विधि फैकल्टी की स्थापना से खंडवा शाहिद आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में शिक्षा अर्जन का लाभ प्राप्त होगा।

विधि प्रकोष्ठ की इस मांग का समर्थन करने और मुख्यमंत्री तक मांग पत्र पहुंचने के लिए विधि प्रकोष्ठ द्वारा सासंद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तंनवे, महापौर अमृता यादव ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर का भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन गंगराड़े ,रविन्द्र पाथरिकर, विजय चौधरी प्रेमांशु जैन, भानुप्रताप मौर्य ,अभिषेक मालाकार, योगेश गुप्ता ,राकेश थापक,अरुण दुबे, हिरदेश बाजपेई, रजनीश सोनी, जसवंत परमार सहित अन्य अधिवक्ताओं ने सासंद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक कंचन मुकेश तंनवे, महापौर अमृता अमर यादव ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल तोमर का आभार व्यक्त कर धन्यवाद अदा किया।

## 2 दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता 4 व 5 जुलाई को

**खंडवा ।** इंस्पायर अवॉर्ड योजना अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजकुण्ड में होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 4 व 5 जुलाई को जिले के वर्ष 2023-24 के 41 एवं वर्ष 2024-25 के 53 कुल 94, चयनित अवार्डी विद्यार्थी अपने आईडिया अनुसार प्रोटोटाइप मॉडल व प्रोजेक्ट के साथ सहभागिता करेगें। अधिक जानकारी के लिए संगीता सोनवणे सहायक जिला नोडल अधिकारी, (इंस्पायर अवॉर्ड) से मोबाईल नंबर 9406664856 एवं नितिश लाड जिला विज्ञान अधिकारी से उनके मोबाईल नंबर 9827526793 पर संपर्क कर सकते हैं।

## लायन्स नेत्रदान, देहदान व अंगदान जनजागृति समिति ने किया मुख्यमंत्री की घोषणा का स्वागत




नवभारत न्यूज

**खण्डवा। लायन्स नेत्रदान, देहदान व अंगदान जनजागृति समिति खण्डवा द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा देहदान व अंगदान जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घोषणा के स्वागत हेतु विशेष सभा का आयोजन किया गया।**

समिति संयोजक नारायण बाहेती ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने देहदान व अंगदान के महत्व को देखते हुए कहा कि जिस व्यक्ति द्वारा देहदान व अंगदान किया जाएगा । उस व्यक्ति के पार्थिव शरीर को शासकीय सम्मान प्रदान किया जाएगा। जिस परिवार द्वारा अपने परिजन का देहदान व अंगदान करवाया जाएगा उसके परिवार को प्रतिवर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

समाजसेवी सुनील जैन ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहाकि लाखो लोग अंग के अभाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं । उन्हें यदि अंग मिल जाये तो अपना जीवन बचाकर वे सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन जी सकते हैं । अनिल बाहेती ने कहाकि खण्डवा में समिति अनेको वर्षो से जागरूकता के माध्यम से अब तक मरणोपरांत 508 नेत्रदान व 16 मृत देह मेडिकल कालेज में दान करवाने का कार्य किया है।

सभा मे गांधी प्रसाद गदले,राजीव मालवीय, डॉ राधेश्याम पटेल ,राजीव शर्मा ,घनश्याम वाधवा,सुमित परिहार ने मुख्यमंत्री मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित कर कहाकि इस घोषणा से अंगदान,देहदान व नेत्रदान के कार्य को गति प्रदान होगी।

इस अवसर पर लायन्स अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओम प्रकाश अग्रवाल,अखिलेश गुप्ता, वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष दीपक पालीवाल,सचिव राकेश पालीवाल,युवा अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल,उमाशंकर उपाध्याय,डॉ सोमिल जेन,प्रहलाद तिरोले,सुरेन्द्र सोलंकी अपूर्व उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। ओमप्रकाश अग्रवाल ने सभी का आभार माना।

# सद्भावना मंच व्दारा राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** आज सच्चा डॉक्टर वह है, जो मरीज की सेवा करुणा भाव से कर अपने मरीज को इंसान के रूप में देखता है, ना कि केवल बीमार मरीज के रूप में। वह मरीज के दर्द को समझता है, उसके इलाज में पूरी निष्ठा, ज्ञान और सहानुभूति लगाता है और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाता है।

ऐसे अनेक विशेष गुण है जो सिर्फ डाक्टर में ही होते हैं। इन्ही गुणों के कारण इन्हें धरती का भगवान कहा जाता है। आज हम जिस डा को सम्मानित करने जा रहे हैं उनकी चौथी पीढ़ी आज इस पैशे में सक्रिय भागीदारी निभा रही है। आज परिवार के 15 व्यक्ति डाक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं।

यह बात सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने मालीकुआं स्थित मंच कार्यालय में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित स्वागत समारोह में मंच के वरिष्ठ डॉ विरेंद्र लाड को सम्मानित करते हुए कहीं।




यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर ,डा.जगदीशचंद्र चौरे, सुरेंद्र गीते, ओम पिल्लै, गणेश भावसार, डा.एमएम कुरेशी, मुरली कोडवानी, डा.विरेंद्र लाड,सुनील सोमानी, एनके दवे, निर्मल मंगवानी, केबी मनसारे, ललीत चौरे ,नदीम रायल,राधेश्याम शाक्य, अर्जुन बुंदेला, मनीष गुप्ता,कमल नागपाल, राजेश पोरपंथ, धीरज नैगी,कैलाश पटेल आदि सहित सद्भावना मंच सदस्यों ने पुष्पहार पहनाकर डाक्टरों का स्वागत किया गया।

## घर घर जाकर बनाये जा रहे हैं वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड



**खण्डवा।** आयुष्मान भारत योजना के तहत ग्राम स्तर पर सी .एच .ओ ., एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड घर घर जाकर बनाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की श्रेणी के अंतर्गत शेष पात्र हितग्राहियों के कार्ड स्वास्थ्य टीम द्वारा बनाये जा रहे हैं।पात्र हितग्राही अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर सी .एच .ओ ., ए .एन .एम ., आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें।आयूष्मान कार्ड बनवाने के बाद इस योजना से संबद्ध शासकीय मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल और शासन द्वारा चिन्हित अस्पतालों में अपना इलाज नि :शुल्क करवा सकते हैं।इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राही का 5 लाख तक का नि :शुल्क इलाज किया जाता है ।अधिक जानकारी व लाभ के लिए नि :शुल्क हेल्प लाईन 18002332085 व 14555 पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने पात्र नागरिकों से अपील की है कि अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें और 5 लाख तक का नि :शुल्क उपचार करायें।


**कार्यालय तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संघ मर्यादित खण्डवा,पंजीयन क्रमांक 272 दिनाँक 08.11.1938**

क्रमांक /2025/9 खण्डवा दिनांक 01.07.2025

**// गोदाम किराया निविदा सूचना /**

सूचित किया जाता है कि संस्था की सहकारी जिनिंग फैक्ट्री परिसर खण्डवा में अस्थाई टीन शेड गोदाम क्रमांक 01 (एक) गोदाम किराये से दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति संस्था कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर गोदाम के आकार,किराया एवं धरोहर राशि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर संस्था के निर्धारित निविदा फार्म एवं अनुबंध शर्ते प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म शुल्क राशि 500 / देय होगा।

| क्र | विवरण | दिनॉक से | दिनॉक तक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संस्था से निविदा फार्म प्राप्त करने की दिनॉक | 02.07.2025 | 08.07.2025 | 11.00 AM से 4.00 PM तक |
| 2 | निविदा फार्म जमा करने की दिनाँक | 09.07.2025 | ......... | 11.00 AM से 3 PM तक |
| 3 | निविदा फार्म खोले जाने की दिनॉक | 11.07.2025 | ......... | 5.00 PM |

नोट- संस्था द्वारा प्रकाशित निविदा को बिना किसी प्रकार की पूर्व सूचना के किसी भी स्थिती में किसी भी स्तर पर अधिपत्य देने के पूर्व तक निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार संस्था के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रबंधक
विनोद कुमार माली

प्रशासक
मोहन सिंह दॉगी

तहसील सहकारी कृषि प्रकिया एवं विपणन संघ मर्यादित खण्डवा


''एक पेड माँ के नाम'' — यह अभियान मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित किया

# ओंकारेश्वर पावर स्टेशन,एनएचडीसी द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**ओंकारेश्वर।** ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में डी.के. द्विवेदी, परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में पावर स्टेशन में एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत एक विशेष वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम में पावर स्टेशन के समस्त कर्मचारियों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 200 पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में कर्मचारियों ने ''एक पेड माँ के नाम'' के सम्मान में पौधे लगाए और संकल्प लिया कि वे इन पौधों के बड़े होने तक इनकी देखभाल करेंगे। यह अभियान मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित किया गया था,जिसमें नीम, पीपल, बरगद, गुडहल और अन्य औषधीय गुणों से भरपूर पौधों को रोपित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डी.के. द्विवेदी, परियोजना प्रमुख एवं अंजना द्विवेदी, लेडीज क्लब अध्यक्षा, ओकारेश्वर पावर स्टेशन ने पौधारोपण किया तथा कार्यक्रम में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए डी.के. द्विवेदी ने कहा कि पौधे लगाने का उद्देश्य माँ के प्रति अपने सम्मान और प्रेम को अभिव्यक्त करना तथा मातृत्व का सम्मान करते हुए पर्यावरण की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था। प्रत्येक कर्मचारी ने अपने परिवार के साथ मिलकर एक पौधा माँ के नाम लगाया, ताकि यह पौधा बड़ा होकर समाज और धरती के लिए एक आशीर्वाद बने। हमारा यह कदम न केवल पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ वातावरण का निर्माण करने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें न सिर्फ पौधों को रोपने बल्कि उनकी सही देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी है।

इस अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू यह था कि कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि वे इन पौधों को सिर्फ लगाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनके बड़े होने तक इनका संरक्षण भी करेंगे। कर्मचारियों ने यह वचन लिया कि हर दिन इन पौधों को पानी देंगे और नियमित देखभाल करेंगे। ताकि आने वाले समय में ये पौधे एक बड़े वृक्ष के रूप में परिवर्तित हो जाएं और पर्यावरण को शुद्ध रखने में सहायक साबित हों।

श्री द्विवेदी ने आगे कहा, यह अभियान एक सामूहिक प्रयास है और हम सभी को मिलकर पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान देना चाहिए। इस प्रयास से हम न सिर्फ प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरणीय संकटों से भी निपट सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि ओंकारेश्वर पावर स्टेशन में प्रत्येक कर्मचारी को उसके जन्मदिवस के अवसर पर न केवल शुभकामनाएं दी जाती हैं, बल्कि उसे एक पौधा भी भेंट किया जाता है, जिसे वह अपने घर या ऑफिस के आसपास लगा सकता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक ठोस कदम उठाना है। जन्मदिन जैसे खास अवसर पर पौधा भेंट करने से कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है और यह संदेश जाता है कि हम सभी को अपने भविष्य और पृथ्वी के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। यह प्रयास ओंकारेश्वर पावर स्टेशन को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने में भी मददगार साबित होगा।

कार्यक्रम में विनोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ओएण्डएम),अंजना द्विवेदी, लेडीज क्लब अध्यक्षा एवं पावर स्टेशन के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोग भी शामिल हुए। यह पहल न केवल पावर स्टेशन के भीतर बल्कि इसके आस-पास के इलाकों में भी हरियाली बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों ने पौधों को देखकर उनकी देखभाल के लिए समय-समय पर निरीक्षण और जल देने का संकल्प लिया,ताकि यह अभियान सफलता की ओर बढ़ सके और ओंकारेश्वर पावर स्टेशन की ओर से एक स्थायी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा सके।